
Page Three
Classified

Adds can be booked under these Categories : (all day publication)

Recruitment
Property
Business Opportunity
Vehicles
Announcements
Antiques & Collectables
Barter
Books
Computers
Domain Names
Education
Miscellaneous
Entertainment & Event
Hobbies & Interests
Services
Jewellery & Watches
Music
Obituary
Pets & Animals
Retail
Sales & Bargains
Health & Sports
Travel

Matrimonial (Sunday Only)



अब मात्र रु. 20 प्रति शब्द

# कोविड–19 समस्या नही बल्कि अवसर है: धनसिंह

**विमोचन**

## साइलेंस की शक्ति और कोरोना से मुक्ति पुस्तक का किया विमोचन

■अब कोरोना वायरस के साथ जीना सीखना होगा

**संवाददाता**

देहरादून। प्रदेश के सहकारिता, उच्च शिक्षा, दुग्ध विकास एवं प्रोटोकॉल राज्यमंत्री(स्वतंत्र प्रभार) डॉ0 धन सिंह रावत ने साइलेंस की शक्ति और कोरोना से मुक्ति पुस्तक का विमोचन किया।

इस अवसर पर उन्होंने कहा कि कोरोना संक्रमण से उपजी परिस्थितियों एवं लाक डाउन के कारण आईसोलेशन की जिंदगी जी रहे, नागरिकों में बढ़ती अवसाद की प्रवृति को समझने और इससे छुटकारा पाने में पुस्तक से मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि पुस्तक में बताए मनोविज्ञानिक और आध्यात्मिक उपायो को अत्यंत सहज ढंग से प्रस्तुत किया गया है। लेखक, सहायक निदेशक, सूचना, मनोज श्रीवास्तव ने बताया कि इस पुस्तक को डॉ शिप्रा मिश्रा के साथ सयुक्त रूप से लिखा गया।



पुस्तक की चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि कोविड समस्या नही बल्कि अवसर है। हमें अब कोरोना वायरस के साथ जीना सीखना होगा अपने जीवन की दैनिक दिनचर्या मे बदलाव करना होगा। कोरोना की वैश्विक महामारी आने के बाद लोगों में एक प्रकार से जीवन के प्रति भय और नकारात्मक दृष्टिकोण पैदा हुआ है। जिसके चलते लोग मानसिक तौर पर परेशान हैं और नींद एवं तनाव जैसी स्थिति का सामना कर रहे है, जिसके कारण लोगों की जीवन शैली पर नकारात्मक असर पड़ रहा है।

मौजूदा परिस्थिति में लोगों का जीवन ऐसे प्रभावित हुआ है कि लोग जल्द ही अपना आपा खो देते हैं। लेकिन हमें इस सच्चाई को भी स्वीकार करना होगा कि अब हमें कोरोना के साथ ही जीना है।

अतः अब हमें कोरोना वायरस के साथ जीना सीखना होगा। लोगों को अपनी जिंदगी बचाने के लिए अपनी जीवनशैली को बदलना ही होगा। इसके साथ ही अपने भविष्य की चुनौतियों से लड़ने के लिए सभी को तैयार रहना होगा।

हमें करोनो वाइरस को समस्या के रूप में न देखकर एक अवसर के रूप में देखना होगा। करोनो वाइरस ने मानवीय सभ्यता को यह संदेश दिया है कि व न तो प्रकृति से खिलवाड़ करे और ने ही अपने शरीर से खिलवाड़ करें। इस रूप में हमें अपने सम्पूर्ण लाइफ स्टाइल को बदलना होगा। प्रकृति के संरक्षण पर विशेष ध्यान देते हुए शारीरिक रोग–प्रतिरोधक क्षमता वृद्धि के उपायों पर ध्यान देना होगा। सोशल डिस्टेंसिग, सार्वजनिक स्थलों पर मास्क का प्रयोग हमारी जीवन शैली में आ चुका है।

इसके अतिरिक्त मानवीय संवेदना के विकास का भी मुद्दा करोना वाइरस के आगमन ने उठाया है। हमें मजदूरों की समस्या का ज्ञान करोना वाइरस महामारी ने दे दिया है। अतः सामान्य परिस्थियों में भी मजदूरों, श्रमिकों के प्रति सवेंदनशील व्यवहार करना बहुत जरूरी है। लॉक डाउन की अवस्था में उद्योगों और फैक्ट्रियों में कार्य प्रारम्भ करने की अनुमति दे दी गई है। परन्तु श्रमिकों एवं मजदूरों की अनुउपलब्धता के कारण सुचारू रूप से फैक्ट्रियां नहीं चल पा रही है। इस स्थिति में मजदूरों और श्रमिकों की महत्ता को दुनिया के सामने प्रस्तुत किया है।

## न्यूज डायरी

### रेड जोन से आने वालों की भी की जांच

**संवाददाता** पिथौरागढ़। सीमांत तहसील धारचूला के व्यापारियों ने रेड जोन से आने प्रवासियों के सैंपल लेने व उनकी भी जांच किये जाने की मांग उठायी है। बता दें कि इस समय बाहरी प्रदेशो से काफी तादात में सैकडों प्रवासी अपने अपने ग्रह क्षेत्रों में आं रहे है। तहसील क्षेत्र के व्यापारियों में रेड जोन से आने वाले प्रवासियों की सैंपलों की जांच न किये जाने पर खासी नाराजगी जाहिर की है। इस दौरान तमाम व्यापारी गण मौजूद रहे।

### काश्तकार हुए मायूस

**संवाददाता** पिथौरागढ। सीमांत तहसील मुंसयारी और बंगापानी के दो दर्जन गांवों में भारी बरसात और ओलाव्रष्टि के चलते काफी नुकसान हुआ है। बता दें कि क्षेत्र के उंचाई वाले गांवों में तैयार गेहूं की फसल के साथ पूलम आड़ू व अन्य लोकल सबजियों की फसल चौपट हो गई है। वही इलाके के काश्तकारों में खासी मायूसी देखने को मिल रही है। वही इलाके केआलू उत्पादक क्षेत्रो को काफी नुकसान पहुचा है। बीते कुछ दिनों से इलाके के तल्ला जौहार से लेकर बंगापानी के तौमिक बौना गौल्फा सिंर्तोला आलम बल्थी डोल्मा में भारी ओलाव्रषटि हुई। वह इलाके केग्रमीणें ने फसलों के हुए नुकसान की क्षति की आंकलन करनेकी मांग उठानी शुरू कर दी है।

### प्रशासन के मना करने के बावजूद भी नही छोड़ रहे लोग घूमना

**संवाददाता** पिथौरागढ। जिले में लाकडाउन का उल्लंघन कर अनावश्यक रूप से घुमने वालों व्यक्तियों के विरूद्ध आवश्यक वैधानिक कारवरही करते हुए थाना कोतवाली में धारा 188व269 भादवी एवं 51 बी 2005 के तहत स्थानीय लोगों के विरूद्ध अभियोग पंजीकृत करते हुए उनके चालान काटे गये। मास्क न धारण करने पर भी पुलिस एक्ट के तहत चालान किये जाने के समाचार मिले है। बता दें कि अब लाकडाउन का जिले में उल्लंघन करने वालों के खिलाफ पुलिस प्रशासन सख्त मूड बनाचुका है। वही लागों स`पुलिस प्रशासन ने घर में रहनेकी अपील करते हुए अनावश्क बाजार न घुमने की हिदायत भी दे डाली है।

### अपनी विदाई समारोह पर क्षेत्र के लोगों की सेवा करना न भूले गहरवार

**संवाददाता** पिथौरागढ। गंगोलीहाट से जिला मुख्यालय पिथौरागढ का मुख्य विकास अधिकारी बनाये जाने पर जग क्षेत्र के लोगों ने गहरवार को विदाई दी तो गहरवारने दूर दर से आई गर्भवती महिलाओं के लिए अल्ट्रसाउंड सेवा के कार्य को पूरा करते हुए क्षेत्र के लोगों को अपने विदाई समारोह के तहत तोहफा देना नही भूले। क्षेत्र के लोगों ने गहरवार के प्रयासों की सराहना भी की ।

## पुरोला में सड़कों पर अतिक्रमण को ले कर किसान संगठन मुखर

**संवाददाता** पुरोला। पुरोला में आये दिन हो रहे अतिक्रमण को लेकर पुरोला किसान संगठन में आक्रोश व्याप्त है एक ओर जहाँ पूरा विश्व इस समय कोरोना वैश्विक माहमारी की मार झेल रहा है वही कुछ स्वार्थी लोगो ने लोकडॉउन के दौरान अपने हित साधने के लिए पुरोला नोगांव मोटर मार्ग पर रातो रात दुकानों का निर्माण करवा दिया जिसे लेकर आज किसान संगठन ने उपजिलाधिकारी मनीष कुमार के माध्यम से जिलाधिकारी को ज्ञापन प्रेषित किया।

पुरोला में लोक निर्माण विभाग की मिलीभगत से आये दिन सड़को के दोनों ओर अवेध कब्जा किया जाता रहा है पुरोला किसान संगठन के अध्यक्ष प्रकाश डबराल ने बताया कि वैश्विक महामारी के इस संकट काल मे लोग अवैध कब्जा करने से बाज नही आ रहे है पुरोला नौगांव मोटर

**विभाग पर लगाया मिलीभगत का आरोप**

मार्ग पर पेट्रोल पंप के सामने रातों रात दुकाने खड़ी कर देना विभाग की लापरवाही का उदहारण है उन्होंने बताया कि पुरोला मुख्य बाजार सहित दुकाना मोटर मार्ग पर भी विभाग की मिलीभगत से लोगों द्वारा सड़क के दोनों ओर अवैध कब्जा किया जा रहा है जिससे कि आये दिन बाजार में जाम की स्थिति बन जाती है लोगों द्वारा सड़क के दोनों ओर अतिक्रमण करने से सड़क किनारे बनी नालियां भी बन्द हो गयी है जिससे कि हल्की सी बरसात होने से सारा पानी लोगों के घरों में घुस जाता है या सड़कों पर नदी की भांति बहता है। ज्ञापन में कहा गया है कि यदि मामले को लेकर प्रशासन व विभाग कोई ठोस कदम नही उठती है तो मजबूरन आम नागरिकों को आंदोलन करने को विवश होना पड़ेगा।



### जरूरतमंदों को प्रदान की गई राशन किट

देहरादून। महानगर कांग्रेस कमेटी देहरादून के अध्यक्ष लालचन्द षर्मा ने हैलो किड्स प्री स्कूल की संस्थापक श्वेता शर्मा व प्रबंध निदेशक अविनाश मणि के सौजन्य से कैन्ट विधानसभा क्षेत्र के वार्ड नंबर 41 इन्दिरापुरम क्षेत्र के कोरोना महामारी के प्रकोप से बचाव के प्रयासों के लिए क्षेत्र की गरीब जनता दिहाड़ी मजदूरों को राशन किट वितरित किये। इस अवसर पर लालचन्द शर्मा ने कहा कि कोरोना महामारी के दौरान राज्य सरकार कुछ करती दिखाई नहीं दे रही है।

## प्रत्येक सप्ताह रोस्टर के आधार पर कर्मिकों की होगी तैनाती

**निर्मल भट्ट। विशेष रिपोर्ट**

■जिले का स्वास्थ महकमा हुआ हाई अलर्ट

पिथौरागढ। सीमांत जनपद में तीन कोरोना पाजिटिव मामले सामने आने के बाद जिले का स्वास्थ महकमा हाई अलर्ट हो चुका है। आइसोलेशन सेंटर की सभी व्यवस्थाएं चाक चौबंद करने के साथ अब यहां पर कर्मिकों को तैनाती देने के लिए स्वास्थ महकमा सूची तैयार करने में लग गया है।

जानकारी के मुताबिक मौजूदा हालातों को देखते हुए जिले के निर्माणाधीन बेस अस्पताल में अब दो सौ तादात तक के मरीजों को रखने की पूरी व्यवस्था प्रशासन कर चुका है। जिले के निर्माणाधीन बेस चिकित्सालय में कोरोना पाजिटिव पाए गये मरीजों को आइसोलेट आसानी से किया जा सकता है। डीएम डा. वीके जोगदडे ने इस निर्माणाधीन बेस अस्पताल में कोरोना पाजिटिव मरीजो की देख रेख में लगने वाले कर्मिकों को रोस्टर के आधार पर सात सात दिन तैनात करने के आदेश स्वास्थ महकमे को दिये। डीएम ने जिले के स्वास्थ महकमे को सारी व्यवस्थाएं चाक चौबंध करने के निर्देश भी दिये। चिकित्सा कर्मियों को स्वास्थ महकमा द्वारा पीपीई किट उपलब्ध कराने के साथ उन्हें संक्रमण से बचाने के पूरे प्रबंध करने के प्रयास किये जा रहे है। सात दिन की डयूटी के उपरांत कर्मचारियों को अगले सात दिनों के लिए क्वारंटाइन किये जाने की पूरी व्यवस्था भी की जा रही है। क्वारंटाइन पूरा करने वाले कर्मचारी को बाद में फिर से डयूटी देने के लिए मुस्तैद करने के समाचार भी मिल रहे है। वह आइसोलेशन सेंटर में अब जिन कर्मिकों को तैनाती पर लगाया जा रहा है जिले का स्वास्थ महकमा उन चिकित्साकर्मियों की लिस्ट तैयार करने में जुट गया है। जिले में अब कोरोना पाजिटिवों की बढ़ती तादात के चलते स्वास्थय महकमा कोई भी कसर अधूरी छोडने के मूड में नही लग रहा है। जिले के स्वास्थय कर्मियों को प्रत्येक सप्ताह रोस्टर के आधार पर अपनी डयूटी देनी पड़ेगी। ऐसे हालातों में स्वास्थय महकमें का हाई अलर्ट होना जायज लग रहा है।

### कोरोंटाइन सेंटरों को सुविधायुक्त बनाने की मांग, सीएम को ज्ञापन

**संवाददाता** देहरादून। प्रदेश भर में स्कूलों में बनाये गये कोरोंटाइन सेंटरों को सुविधायुक्त बनाये जाने की मांग को लेकर युवा कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने उप जिलाधिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन प्रेषित किया। आज युवा कांग्रेस के प्रदेश महासचिव विनित प्रसाद भट्ट के नेतृत्व में युवा कांग्रेस के कार्यकर्ता जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचे और वहां पर उन्होंने कोरोंटाइन सेंटरों में फैली अव्यवस्थाओं में सुधार किये जाने की मांग को लेकर उप जिलाधिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन प्रेषित किया। विनित प्रसाद भट्ट ने कहा कि प्रवासियों को राज्य की सीमा पर रोक दिया जाये। उनको चिकित्सा परीक्षण के उपरांत कोरोना टेस्ट की रिपोर्ट आने के पश्चात उनकी जांच रिपोर्ट सामान्य आन पर ही उनके जिलों के कोरोंटाइन सेंटरों में भेजा जाये, कोरोंटाइन सेंटरों में आवश्यक सेवाओं से जुड़े हुए प्रत्येक व्यक्ति को कोरोंटाइन किया जाये और सभी साधन उपलब्ध कराये जाये तथा कोरोंटाइन सेंटरों को पूरी तरह से व्यवस्थित किया जाये। इस अवसर पर ज्ञापन देने वालों में प्रदेश महासचिव विनीत प्रसाद भट्ट, रॉबिन त्यागी आदि शामिल थे।